1995–96 के दौरान पंजाब सरकार को बुनकरों के लिए मकानों का निर्माण करने हेतु कोई सहायता प्रदान करने का प्रस्ताव रखनी है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ; और

(घ) क्या किसी राज्य सरकार को इस प्रकार की सहायता प्रदान की गई है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

वस्त्र मंत्री (श्री जी० वेंकट स्वामी) : (क) और (ख) केन्द्र सरकार कार्यशाला/कार्यशाला-सह-आवास के निर्माण के लिए हथकरघा बुनकरों को केन्द्रीय सहायता देने हेतु कार्यशाला-सह-आवास योजना कार्यान्वित कर रही है । इस योजना के अंतर्गत पंजाब सहित समूचे देश के हथकरघा बुनकरों को सहायता दी जाती है । इस संबंध में राज्यवार लक्ष्य निर्धारित नहीं किया जाता । इस योजना के अंतर्गत वर्ष 1995–96 के लिए 12 करोड़ रुपये का प्रावधान है ।

(ग) राज्य सरकारों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर ऐसी सहायता दी जाती है। पंजाब सरकार से वर्ष 1995–96 के दौरान ऐसा कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है ।

(घ) वर्ष 1995–96 के दौरान किसी भी राज्य सरकार को कार्यशाला-सह-आवास योजना के अंतर्गत सहायता नहीं दी गई है ।

Modernisation of Powerlooms in Gujarat

6126. SHRI RAJUBHAI A. PARMAR: Will the Minister of TEXTILES be pleased to state:

(a) whether Government have received any proposal from the Government of Gujarat for providing financial assistance for modernisation of powerloom in that State;

(b) if so, the details thereof; and

(c) the steps taken by Government thereon?

THE MINISTER OF TEXTILES (SHRI G. VENKAT SWAMY): (a) No, Sir.

(b) and (c) Does not arise.

वस्त्र मिलों को ऋण दिया जाना

6127. **श्री अजीत जोगी :**

श्री मूलचन्द मीणा :

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या घाटे में चल रही वस्त्र मिलों और उन मिलों को जो अपना आधुनिकीकरण करना चाहती हैं, वित्तीय संस्थाओं से ऋण प्राप्त नहीं हो रहा है ; और

(ख) यदि हां, तो ऐसी मिलों के मालिकों को अग्रिम ऋण उपलब्ध कराने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं ?

वस्त्र मंत्री (श्री जी० वेंकट स्वामी) : (क) और (ख) वित्तीय संस्थानों द्वारा अपने ऋण अभियान के एक भाग के रूप में आधुनिकीकरण के लिए वस्त्र मिलों को ऋण मंजूर किए जाते हैं इन मिलों द्वारा प्रस्तुत की गई आधुनिकीकरण योजना की अर्थक्षमता और उनके पुनर्भुगतान की क्षमता को ध्यान में रखा जाता है ।

राष्ट्रीय वस्त्र निगम मिलों में स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति योजना

6128. **श्री अजीत जोगी** : क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राष्ट्रीय वस्त्र निगम के कर्मचारियों के लिए स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति योजना हेतु 1994–95 और 1995–96 के दौरान कितनी धनराशि निर्धारित की गयी है ;